यह सब राधा रानी का परिवार है

धुन- काली कम्बली वाला मेरा यार है।

दिख रहा जितना भी यह संसार है
यह सब राधा रानी का परिवार है॥

कीर्ति कुंवरी भानुं दुलारी।
श्री राधा सरकार हमारी॥
बरसाने में श्री राधा दरबार है
यह सब राधा रानी.........

श्री राधा आधार जगत का।
राधा नाम है सार जगत का॥
कण कण में श्री राधा का दीदार है
यह सब राधा रानी.........

वृंदावन की रानी राधा
बृजमंडल महारानी राधा॥
राधा नाम की हो रही जै जैकार है
यह सब राधा रानी..........

"मधुप" हरि आह्लादिनी शक्ति।
बल बुद्धि देती वर भक्ति॥
श्री राधा कर देती भव से पार है
यह सब राधा रानी..........।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33496/title/Yah-sab-radha-rani-ka-parivaar-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |